हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 23 जुलाई 2025

04 उदयपुर में पहुंचे 50 हजार से अधिक ...



07 नेशनल हाइवे निर्माण के बीच किसानों ने प्रेमसर में ...





### किसानों में नाराजगी, एनएच 44 पर लगाया जाम, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# देवरी में गंभीर हुआ खाद का संकट, थानों में कतारें, सड़कों पर किसानों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

खरीफ फसलों के लिए खाद के संकट का सामना कर रहे किसानों के सब्र का पैमाना अब छलकने लगा है। पुलिस थानों से हो रहे खाद के अपर्याप्त वितरण से किसानों में भारी नाराजगी है। गौरझामर और केसली के बाद अब देवरी में भी किसानों ने सड़क पर जाम लगाकर सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 सिलारी तिराहे पर एकत्र हुए सैकड़ों किसानों के लगभग आधा घंटा चले प्रदर्शन के दौरान यातायात बाधित रहा जिससे सड़क पर सैकड़ों वाहनों के पहिए रूक गये। बाद में प्रशासन एवं पुलिस बल द्वारा किसानों को हटाकर यातायात सुचारू किया गया। खरीफ फसलों को लेकर के लिए खाद की मारा-मारी अब गंभीर स्थिति में पहुँच गई है। विगत एक पखवाड़ें की लगातार बारिश के बाद मौसम खुलने से फसलों में खाद डालने की तैयारी में जुटे किसानों के समक्ष खाद का आभाव गंभीर समस्या बन चुका है। खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन द्वारा पुलिस थानों से की जा रही कूपन वितरण व्यवस्था किसानों की परेशानी का सबब बन चुकी है।

पुलिस थानों में किसानों की लंबी लंबी कतारों और दिन भर की आपाधापी के बाद भी खाद न मिलने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। शासन प्रशासन द्वारा की गई वर्तमान खाद वितरण व्यवस्था को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि एकल व्यवस्था होने के कारण भारी भीड़ जमा रहती है, वितरण में उन्हें पर्याप्त खाद भी नही दिया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि सरकार खाद की पर्याप्त उपलब्धता का दावा कर रही है, लेकिन ज़मीनी हकीकत ये है, किसानों को घंटों भूखे-प्यासे कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, फिर भी खाद नहीं मिल रही है।



### एन.एच. पर जाम लगाकर की नारेबाजी

मंगलवार को खाद न मिल पाने के कारण नाराज किसानों ने जलूस की शक्ल में नारेबाजी की और एन.एच. 44 सिलारी चौराहे पहुँचकर सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया गया। जिससे यातायात बाधित हो गया और सैकड़ों वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग पर रूक गये। लगभग 30 मिनिट तक चले इस प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, देश के प्रधानमंत्री, और राज्य के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के खिलाफ जमकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कृषक भी शामिल रही। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही खाद की आपूर्ति नहीं सुधरी तो आगामी दिनों में आंदोलन और उग्र किया जाएगा। सूचना मिलने के बाद प्रदर्शन स्थल पहुँचे एसडीएम मुनव्वर खान एवं राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों ने किसानों से बात की एवं किसानों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। इससे पूर्व खाद संकट को लेकर क्षेत्र के गौरझामर एवं केसली में भी किसानों द्वारा सड़क पर चक्काजाम कर प्रदर्शन किया जा चुका है।

### वितरण व्यवस्था से किसान नाराज

किसान प्रशासन की मौजूदा खाद वितरण व्यवस्था से खासे नाराज है, किसानों का कहना है कि उनकी फसलों के लिए खाद की तात्कालिक आवश्यकता है परंतु उन्हें खाद नही मिल पा रहा है। देवरी थाने में एक मात्र केन्द्र बनाया गया है जिस पर भारी भीड़ के कारण उन्हे दिन भर धूप और गर्मी में खड़ा रहना पड़ता है। इसके बाद भी प्रशासन उन्हे उनकी मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नही करा पा रहा है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलें प्रभावित हो रही हैं जिससे उनके समक्ष रोटी रोटी का संकट है।

## प्रदेश में प्रथम स्थान नगर निगम सागर को, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में मिला ए-ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में नगर निगम सागर ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है । सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लगातार पांचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मप्र शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक शत-प्रतिशत निराकरण करने पर पूरे प्रदेश की 16 नगर निगमों में 96.97 अंक प्राप्त कर ए-ग्रेड के साथ ही मध्यप्रदेश में पांचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा



प्रति माह 16 नगर निगमों की सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण प्रक्रिया का आंकलन किया जाता है। इस आंकलन में सागर नगर निगम ने 96.97% अंक प्राप्त कर प्रदेश में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त किया है। निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में नगर निगम के इतिहास में पहली बार यह उपलब्धि प्राप्त हुई है कि लगातार पांचवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है । नगर निगम आयुक्त खत्री द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की निराकरण प्रक्रिया की प्रतिमाह नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित विभागों की शिकायतों का समय सीमा में संतोषजनक समाधान कराया जा रहा है। निगमायुक्त के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि सागर नगर निगम के इतिहास में प्रदेश में अपनी पहचान को और अधिक मजबूत करते हुए नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करते हुए प्रदेश में लगातार पांचवीं बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का उदाहरण पेश किया है।

## नवाकुंर संस्था गढ़ाकोटा द्वारा तैयार किए 2000 पौधों को महिलाएं अपनी देखरेख में बनाएंगी वृक्ष



**गढ़ाकोटा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिसर योजना आर्थिक सांख्यिकी विभाग व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवाकुँर संस्था द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से गढ़ाकोटा सेक्टर में 2000 पौधे तैयार कर गढ़ाकोटा सेक्टर के 10 ग्रामों में वितरित किए जाएंगे तथा हरियाली महोत्सव पर सभी महिलाएं अपने ग्रामों में इन पौधों को लगाएंगे और तब तक देखरेख करेगी जब तक वृक्ष नहीं बन जाता। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गढ़ाकोटा के सभी ग्रामों में बेहतर रूप से हरियाली महोत्सव के रूप में वृक्षारोपण की पूर्व तैयारी नवाकुर संस्था के माध्यम से की जा रही है । एक पेड़ के मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर जिला सागर के निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए संस्था निरंतर कार्य कर रही है आप वर्षों का जीवन में हमारे लिए कितना महत्व है इसके भी रूपरेखा तैयार की जा रही है तथा हरियाली महोत्सव के रूप में अधिक से अधिक संख्या में प्रत्येक ग्राम में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाए इसके भी रूपरेखा समिति के द्वारा बनाई गई है । संस्था से सुनील कुमार पांडे वह प्रस्फुटन समिति से मोनू साहू, नरेश कुर्मी, राजकिशोर प्यासी, मुकेश कुर्मी, भगवत दत्त पांडे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति केंकरा अध्यक्ष रमेश पटैल सम्मिलित रहे। सभी ने एक साथ हरियाली महोत्सव के रूप में अपने-अपने ग्रामों में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।

## हर नारी बने आत्मनिर्भर, तभी बनेगा भारत सशक्त और समृद्ध : डॉ प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विगत दिनों सागर में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्यप्रदेश द्वारा "आर्थिक स्वावलम्बन और महिला सहभागिता" विषय को दृष्टिगत करते हुए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरान्त उपरोक्त वाक्य अपने अध्यक्षीय उद्बोधन प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय स्त्री शक्ति सागर डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहे। साथ ही आपने बताया कि यह केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारे राष्ट्र की प्रगति का आधार है। अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए दूसरों पर निर्भर न रहना, बल्कि स्वयं में आत्मविश्वास और आत्मबल पैदा करना। यह केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक रूप से भी सशक्त होना है। जब हम किसी भी राष्ट्र के विकास की बात करते हैं, तो महिला सहभागिता एक निर्णायक भूमिका निभाती है। नारी केवल घर की धुरी नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र की रीढ़ है। यदि महिलाएं सशक्त होंगी, तो समाज अपने आप सशक्त बन जाएगा। महिलाओं की भागीदारी से परिवार व समाज आर्थिक रूप से



सशक्त होता है। एक शिक्षित, स्वावलंबी महिला पूरे परिवार और समाज की दिशा बदल सकती है। क्योंकि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो देश आगे बढ़ता है। हर नारी बने आत्मनिर्भर, तभी बनेगा भारत सशक्त और समृद्ध।

वक्तव्य की अगली श्रृंखला में मुख्य अतिथि, लीगल राइट्स काउंसिल-इंडिया की वाइस प्रेसिडेन्ट, अनुश्री जैन ने कहा कि यह दुर्लभ है कि महिलाओं को कार्य का अवसर तथा मार्गदर्षक भी मिलना चाहिए यह हर्ष का विषय है कि स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में उपलब्ध है। हमें एक ऐसे भारत की कल्पना करनी चाहिए, जहाँ हर महिला आत्मनिर्भर हो, अपनी बात कहने का हक रखती हो, निर्णय ले सकती हो और हर क्षेत्र में समान भागीदारी निभा सके। इस अवसर पर डॉ प्रतिभा तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक "आध्यात्म प्रतिभा" का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजन एवं आभार ज्ञापन फैषन विभाग की विभागाध्यक्ष की शैलबाला बैरागी, द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अंतिमा शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मेघा दुवे, प्रतिभा चौबे, शालिनी तिवारी, वसुधा के साथ विश्व विधालय की डॉ सुनीता दीक्षित, ज्योति गौतम, सुमन तिवारी, माधवी तिवारी, कु प्रिया कश्यप, विद्योत्मा महोविया, समस्त शैक्षणिक-अषैक्षणिक स्टाफ एवं छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्रा. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 143 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 जुलाई दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी, यूरिक एसिड, बॉडी मास, मास पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सागर में किया गया है।

### अंग्रेजी उपन्यास गोल्डन केज का विमोचन 27 जुलाई को

**सागर।** देश में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में सागर के लेखकों द्वारा लिखित पुस्तकों पर श्यामलम के महत्वाकांक्षी आयोजन भाषा विमर्श की श्रंखला में दिनांक 27 जुलाई रविवार को अपराह्न 3.00 बजे से होटल क्राउन पेलेस मकरोनिया के सभागार में बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर की प्रोफेसर डॉ.श्वेता भटनागर के अंग्रेजी उपन्यास गोल्डन केज का विमोचन एवं उस पर विमर्श किया जाएगा। अनुश्री शैलेंद्र जैन की अध्यक्षता में होने जा रहे इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मीना पिंपलापुरे होंगी। डॉ.पूर्णिमा वर्मा, डॉ.रश्मि सिंह, डॉ.डिम्पल दुबे एवं माधव चंद्रा समीक्षात्मक वक्तव्य देंगे। संचालन डॉ.आशुतोष शर्मा करेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में आयोजित पेनल डिस्कसन में प्रीति सिंह, नीता पिंपलापुरे खन्ना, डॉ.रश्मि सिंह, एएसपी लवली । की सहभागिता रहेगी।

### नगर के मुक्तिधामों में महादेव प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम संपन्न

## जीव का शरीर मरघट है और आत्म तत्व महेश्वर है इसे पहचानेः परमहंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलॉ

प्रत्येक जीव का शरीर मरघट है और उसमें आत्म तत्व महेश्वर है, पंच भूतों से बने शरीर में सत्यनाम, अमृतनाम, आदिनाम की प्राप्ति से ईश्वर अस्तित्व पाता है। आत्मा शिव तत्व है और बाकी सब शव तत्व, जब तक अपने को शरीर मानते रहोगे दुविधा बनी रहेगी, शरीर तो जन्मा है मरेगा, इसके पीछे शरीर को सब कुछ मामने वाला अंतःकरण है जो मन बुद्धि और बल अनियंत्रण का कारक बनता है। उक्त बात अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 परमहंस स्वामी मुक्तानंद जी महाराज अमृत झिरिया ने कौशल किशोर मुक्तिधाम में आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में अपने आशीष वचनों में कही। महाराज जी ने कहा कि परमात्मा सभी जीवों में विद्यमान है इसीलिए उसका नाम महेश्वर है, सभी शरीरों में परमात्मा का वास है जब जीव अपने ध्यान, मनन से ईश्वर के स्वरूप को पहचान जाता है जो वह महेश्वर के स्वरूप को पहचान



जाता है। महान ईश्वर सभी जीवों में विद्यमान है इसलिए उसका नाम महेश्वर है। ईश्वर सर्वनाम, सर्वरूप है प्रत्येक जीव उसकी सत्ता से संचालित है। ओम नाम के जाप से ईश्वर के स्वरूप प्राप्त कर सद्गुरू के प्रकाश को जाग्रत कर सकते है। उन्होने कहा कि असार शब्दों के उच्चारण से घरा में लड़ाई झगड़े होते है सार शब्द ओम है जिसके उच्चारण से आत्मिक शांति प्राप्ति होती है। आपके काया रूपी काशी में महेश्वर कल्याण रूप में आपको बीज मंत्र देने को तैयार बैठे है, इसे शरीर छूटने से पहले पहचाने। वो महान ईश्वर सभी में विद्यमान है उसकी सत्ता से ही आप चल रहे है, बोल रहे है दौड़ रहे है, उसके स्वरूप को पहचानकर जीव जगत कल्याण की ओर प्रेरित होता है।देवरी नगर के कौशल किशोर मुक्तिधाम एवं तिलक वार्ड मुक्तिधाम में जन सहयोग से चल रही सौन्दर्यीकरण की मुहिम में निर्मित महादेव प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम में पहुँचे परमहंस स्वामी श्री मुक्तानंद महाराज की सहजपुर तिराहे पर भव्य आगवानी की गई। मुहिम के संचालक अलकेश जैन ने नगरवासियों के साथ महाराज श्री की आगवानी की। इसके बाद बाजे अखाड़े के साथ शोभायात्रा पहले तिलक वार्ड स्थित मुक्तिधाम पहुँची जहाँ तिलकेश्वर महादेव की प्रतिमा का अनावरण महाराज श्री के करकमलों से संपन्न हुआ। इसके उपरांत शोभायात्रा नगर के खंडेराव वार्ड, जवाहर वार्ड होकर कौशल किशोर वार्ड मुक्तिधाम पहुँची जहाँ जन सहयोग से निर्मित मरघट महेश्वर महादेव की 33 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण महाराज श्री के करकमलों से संपन्न हुआ। इसके उपरांत गुरू पूजन के उपरांत आयोजित प्रवचन कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाराज श्री के आशीष वचनों का श्रवण किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू*

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ______ मो.नं. ______
पिता का नाम ______ जन्मतिथि ______
स्थान ______ जिला ______
एजेंसी का नाम ______
एजेंसी का पता ______ मो.नं. ______

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3170
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2460
उच्चतम भाव- 2700
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-2460
चना
न्यूनतम भाव-5260
उच्चतम भाव-6061
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3650
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-2980
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-8500
सरसों
न्यूनतम भाव-5600
उच्चतम भाव-8100
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4425
मूंग
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-7690
उड़द
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5550
धनिया
न्यूनतम भाव-6320
उच्चतम भाव-6700
तुअर
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5440
अलसी
न्यूनतम भाव-6935
उच्चतम भाव-6935
ज्वार
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-1600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10984 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

### श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जगह-जगह हुआ शिवार्चन

# उदयपुर में पहुंचे 50 हजार से अधिक श्रद्धालु, निकाली गईं कांवड़ यात्राएं









हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जगह जगह से निकली कांवड़ यात्राएं उदयपुर, गमाखर, त्योंदा स्थित शिव गुफा मंदिर तक पहुंचीं और वहां श्रद्धालुओं ने शिवाभिषेक किया। उधर अन्य श्रद्धालुओं ने भी सुबह से लेकर देर शाम तक शिवालयों में पहुंचकर शिवार्चन किया। जबकि अनेक श्रद्धालुओं ने घरों में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर अभिषेक एवं पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर उदयपुर के प्रसिद्ध शिवमंदिर में करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। हालांकि इस बार प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक चौबंद न होने से श्रद्धालुओं को परेशानी उठानी पड़ी।

उल्लेखनीय है कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का विशेष माह माना जाता है। इस माह में सोमवार को शिवार्चन का विशेष महत्व रहता है। इसी कारण श्रावण मास के दूसरे सोमवार को नगर सहित आसपास के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु शिवार्चन के लिए पहुंचने लगे थे। सोमवार को उदयपुर के शिव मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए कांवडियों ने भी अपने साथ लाए जल से अभिषेक कर पूजन अर्चन किया। हालांकि सोमवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ होने के बावजूद प्रशासनिक व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं थीं। जिससे दर्शनों के लिए आए श्रद्धालुओं को असुविधा उठानी पडी। मंदिर के पश्चिमी प्रवेश द्वार पर रेलिंग न होने से श्रद्धालु धक्का मुक्की की वजह से नीचे गिरते नजर आए, ऐसे में कोई हादसा हो सकता था। हजारों की संख्या के जन समूह को केवल दस से पंद्रह सुरक्षा कर्मी ही संभालते नजर आए। वहीं मुख्य मार्ग एवं चौराहे पर भी भारी वाहनों की आवाजाही बनी रही, जिससे बार बार जाम लगता रहा।

उधर उदयपुर के अलावा शिवधाम गमाखर में भी दर्शनों के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इसी तरह त्योंदा के गुफा शिव मंदिर में भी बडी सख्या में श्रद्धालुओं एवं कांवडियों ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं अभिषेक किया। इसके अलावा क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने सिरोंज देवपुर के शिव मंदिर पहुंचकर वहां भी भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन अर्चन किया। उधर त्योंदा में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित पटेल एवं रसूलपुर जनपद सदस्य अमित सिंह द्वारा कांवड़ियों का पुष्प वर्षा करके एवं फलाहार कराकर स्वागत किया गया। इसी तरह ग्राम साहबा की सिद्ध पहाडी पर भी शिवार्चन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि व विश्व शतरंज दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि मनाई गई एवं विश्व शतरंज दिवस मनाया गया। पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने संचालन करते हुए बताया कि बटुकेश्वर दत्त भगत सिंह के साथ 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय असेंबली में बम विस्फोट करने के लिए जाने जाते हैं। 20 जुलाई को विश्व शतरंज दिवस भी मनाया जाता है। संरक्षक सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि उन्हें आजीवन कारावास (काला पानी) की सजाई सुनाई गई थी। जेल में उन्होंने 1933 एवं 1937 में भूख हड़ताल की। 1945 में उन्हें रिहा किया गया। 20 जुलाई 1965 को उनका निधन हुआ था, उनकी मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की समाधि स्थल हुसैनी वाला पंजाब में किया गया। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि 1963 में उन्हें बिहार विधान परिषद का सदस्य बनाया गया था। अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नरेंद्र जैन, उत्तम सोनी, सुबोध जैन, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी, कल्लू कुशवाहा, प्रदीप सेन, रामकुमार, रवि सोनी, राजा अरोड़ा सहित अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

## सिंधी व्यंजनों से नई पीढ़ी को जोड़ने की होगी स्पर्धा

**गंजबासौदा।** सिंधी समाज पारंपरिक व्यंजनों और संस्कृति को आगामी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए विशेष पहल कर रहा है। फास्ट फूड के दौर में अपनी खान-पान विरासत को बचा रखने के उद्देश्य कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें युवतियों को मां, नानी, दादी से पारंपरिक सिंधी व्यंजन सीख कर बनाकर लाना होगा। यह प्रतियोगिता शहर में 23 जुलाई दिन बुधवार को आयोजित की जा रही है। जिसको आयोजित करने वाले हैं सिंधी मेला उत्सव समिति भोपाल के तरफ से बासौदा में भारतीय सिंधु सभा इस कार्यक्रम को आयोजित करेगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर की प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष अनिल शशि यादव एवं एसडीओपी पुलिस शिखा भलावी करेंगी। यह कार्यक्रम 23 जुलाई दिन बुधवार दोपहर में 2 बजे से 4 बजे के बीच सिंधी कॉलोनी वार्ड नंबर 9 शहीद हेमू कलानी मार्ग बासौदा में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम की जानकारी भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष राजकुमार मलकानी ने दी।

## खबर संक्षेप

### नवागत टीआई का किया स्वागत



**गंजबासौदा।** शहर कोतवाली में नवागत थाना प्रभारी संजय बेदिया से राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही उनसे हर प्रकार के जुर्म एवं शहर की सुरक्षा के संबंध में सख्त कार्रवाई की अपेक्षा की एवं उनका हर समय सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बसंत सिंह, जगदीप सिंह,अमान सिंह, प्रमोद सिंह, सतनाम सिंह, सबल सिंह आदि मौजूद थे।

## हरियाली अमावस्या पर महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में रोपे जाएंगे 500 पौधे



**गंजबासौदा।** सोमवार को नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, पंचतत्व संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी सहित पार्षदों एवं अन्य लोगों ने राजेन्द्र नगर स्थित महारानी लक्ष्मी बाई पार्क का जायजा लिया। इस मौके पर पूर्व में पार्क में रोपे गए सभी पौधे जीवित और स्वस्थ पाए गए। इस पार्क के निरीक्षण के समय तय किया गया कि आगामी दिनों में आने वाली हरियाली अमावस्या को नगर पालिका, पंचतत्व एवं नागरिकों के सहयोग से पार्क में विभिन्न किस्मों के 500 पौधे रोपे जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद मनीष विश्वकर्मा, नारायण सोनी, सुबोध जैन, शुभम रघुवंशी, स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा, सहज तेनगुरिया सहित बडी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे। यहां उल्लेखनीय है कि पूरी तरह बदहाल हो चुके इस पार्क को नपा ने नया रूप देते हुए उसका सौंदर्यीकरण किया है और अब यह पार्क नगरवासियों के घूमने एवं मनोरंजन के लिए एक अच्छा स्थान बन गया है।

## आम आदमी पार्टी ने किया जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित, समस्याओं को लेकर रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा



आम आदमी पार्टी द्वारा गंजबासौदा विधानसभा में जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम एवं नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा एवं जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने प्रेस को बताया कि यह रैली गंजबासौदा को नशा मुक्त शहर बनाने हेतु निकाली गई।

रैली के माध्यम से तहसील कार्यालय एवं शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों नवीन कृषि उपज मंडी, रेलवे स्टेशन, न्यू बस स्टैंड, मिर्जापुर-पचमा बायपास रोड पर जनजागृति लाई गई। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की शराब दुकानों के स्थानांतरण हेतु एक ज्ञापन भी सौंपा गया। जिसमें नशे के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने की मांग की गई है। जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा, प्रदेश संयुक्त सचिव एवं विदिशा प्रभारी सुमित चौहान, संयुक्त सचिव एवं रायसेन प्रभारी मनोज श्रीवास्तव, प्रदेश सोशल मीडिया शैलेन्द्र नागले और जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे। मंच पर संवाद के दौरान मध्यप्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा द्वारा जिले के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीयों से संवाद किया गया और संगठन विस्तार कार्य को लेकर कार्यकर्ताओं से बात की। प्रदेश संयुक्त सचिव एवं विदिशा प्रभारी सुमित चौहान द्वारा जिले की पांचों विधानसभाओं के संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई।

इसी क्रम में संयुक्त सचिव एवं रायसेन प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब एक जुट होकर आम आदमी पार्टी की जिम्मेदारी समझते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य करें। साथ ही विदिशा जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एक सच्चे सिपाही की तरह है। हम सभी एक होकर पांचों विधानसभाओं के संगठन विस्तार को बढ़वा देंगे। विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र केवट ने कहा कि बासौदा विधानसभा में जो भी चुनाव होगा वह आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी और बासौदा विधानसभा में बहुत जल्द संगठन विस्तार कार्य पूरा किया जाएगा। इसी क्रम में सभी वरिष्ठ पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं द्वारा संवाद कार्यक्रम में अपनी बात रखी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र भदोरिया, जिला उपाध्यक्ष राजेश तामेश्वरी, पूर्व जिला संयुक्त सचिव अब्दुल अजीम खान ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम में अपनी बात रखी। मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष ममता मीणा ने प्रेस को बताया कि अटल ज्योति योजना के तहत 24 घंटे बिजली देने का वादा था, लेकिन लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। वहीं विधानसभा के चुनावों महिलाओं के खातों में 3000 डालने का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

### वेदांत आश्रम में चल रहा है पार्थिव शिवलिंग निर्माण

## 'गले में रुद्राक्ष और मुख में शिवनाम अनिवार्य है'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा



जिसके शरीर पर भस्म ,रुद्राक्ष और मुख में शिवनाम ये तीनों नित्य विद्यमान रहते हैं उसका पाप विनाशक दर्शन संसार मे दुर्लभ है। उस पुण्यात्मा का दर्शन त्रिवेणी के समान ही है। विभूति (भस्म), गले में रुद्राक्ष और मुख में शिवनाम अनिवार्य है। भस्म रुद्राक्ष और शिवनाम का जप करने वाले त्रिवेणी इन दोनों में रंचमात्र भी अंतर नही है। भगवान शिव का नाम गंगा है। विभूति (भस्म) यमुना मानी गयी है तथा रुद्राक्ष को सरस्वती कहा गया है। इन तीनों का संयुक्त त्रिवेणी समस्त पापों का नाश करती है।

जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में सावन के पावन मौके पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन के दौरान सोमवार को शिव महापुराण की कथा सुनाते हुए आश्रम के महंत हरिहरदास जी महाराज ने बताया कि बहुत पहले की बात है हितकारी ब्रम्हा ने जिसके शरीर में उक्त ये तीनों त्रिपुण्ड, रुद्राक्ष और शिवनाम संयुक्त रूप से विद्यमान थे। उनके फल को तुला के पलड़े में एक ओर रखकर, त्रिवेणी में स्नान करने से उत्पन्न फल को दूसरी ओर के पलड़े में रखा और तुलना की तो दोनों बराबर ही उतरे। अतः सभी शिवभक्तों को अपने शरीर पर सदा धारण करना चाहिए और विशेष कर पूजन करते समय तो रहना ही चाहिए। सोमवार को यजमान खुमान सिंह रघुवंशी, गजेंद्र सिंह रघुवंशी फतेहपुर द्वारा पार्थिव शिवलिंग का पूजन किया गया। आश्रम में अध्ययनरत विद्यार्थीयों द्वारा पार्थिवलिंग माँ पार्वती, गणेश जी, कुबेर जी, वीरभद्र जी , कार्तिकेय जी, नंदी और नागराज का सुंदर विग्रह प्रतिदिन तैयार किया जाता है। आश्रम में यजुर्वेद का अध्ययन कराने वाले आचार्य वेदमूर्ति शिवशंकर पाण्डेय बनारस काशी के आचार्यत्व में रुद्राभिषेक सम्पन्न होता है। उन्होंने बताया कि भूत भावन भोलेनाथ का दिव्य रुद्राभिषेक प्रातः 8 से 11, दोपहर 11 से 1 एवं 2 से 5 तक अलग अलग यजमानों का अलग अलग द्रव्य से रुद्राभिषेक हो रहा है। आश्रम के गौशाला में देशी और वेद लक्षणा गाय के दुग्ध, गंगा जल और कुशा मिश्रित जल कुशोदक से भूत भावन का दिव्य रुद्राभिषेक होता है। आश्रम में लगे हुए बिल्ववृक्ष से बिल्वपत्र तोड़ते हैं बटुक ब्रम्हचारी तीन तीन पत्तों का सुंदर संग्रह करके शिव सहस्त्र नाम से बिल्वार्चन करते हैं।

### धूमधाम से निकली कलश यात्रा, झूमे श्रद्धालु

**गंजबासौदा।** भगवान शिव की नगरी सोमनाथ गुजरात में बासौदा से पहुंचे 175 श्रद्धालुओं की मंडली द्वारा 19 से 26 जुलाई में प्रातः प्रभात फेरी शिवार्चन और शाम को भजन संध्या का पुनीत कार्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के कोषाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य आचार्य पं श्री प्रमेहानंद जी महाराज एबं मुख्य यजमान मुरली सिंह रघुवंशी सनाई को बनाया गया है। यह रघुवंशी समाज की धार्मिक यात्रा प्रत्येक वर्ष शिव ज्योतिर्लिंगो पर जाकर शिर्वाचन भजन कथा आदि का आयोजन करती है। इससे पूर्व अयोध्या ,काशी ,हरिद्वार और अब सोमनाथ मे आयोजन किया जा रहा है। इस दल में पर्वत सिंह, लाल साहब, बालाराम, निर्भयसिंह, रेवाराम, देवी सिंह, बीर सिंह, रामरतन , रमेश रघुवंशी, गुड्डा रघुवंशी, मुन्ना दादा आदि शामिल हैं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गंजबासौदा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) नगर इकाई त्योंदा के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों के होनहार छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबीता सिंह चौधरी थाना प्रभारी, उपस्थित रहीं। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में शुभम ठाकुर, जिला संयोजक एबीवीपी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को परिश्रम, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद की एक बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें नगर इकाई की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नवीन कार्यकारिणी में निम्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर मनीष विश्वकर्मा तहसील अध्यक्ष, अंकित ठाकुर नगर मंत्री की यह पहल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सड़क की मांग को लेकर दो घंटे जाम रहा हाइवे, यात्री हुए परेशान

# नेशनल हाइवे निर्माण के बीच किसानों ने प्रेमसर में लगाया सड़क के लिए जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में नेशनल हाइवे का निर्माण किए जाने के बीच मंगलवार को प्रेमसर के पास श्योपुर कोटा हाईवे पर ग्रामीणों ने अवरोध लगाकर व सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया। करीब 2 घंटे तक लगे रहे इस जाम के कारण श्योपुर से कोटा की ओर जाने वाले एवं कोटा की ओर से श्योपुर की ओर आने वाले यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कुछ ग्रामीण जो अपने खेती किसानी के काम से ट्रैक्टर ट्राली लेकर इधर से उधर आ जा रहे थे वह भी जाम में फंसे रहे। बाद में मौके पर पहुंचे भाजपा के नेताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा दी गई समझाइश एवं आश्वासन के बाद ग्रामीण जाम खोलने को राजी हुए। इस दौरान हाइवे 2 घंटे तक जाम रहा एवं रोड के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई थी।

प्रेमसर क्षेत्र के ग्रामीणों ने मंगलवार को श्योपुर-कोटा हाईवे पर सुबह करीब दस बजे जाम लगा दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। जाम लगाने वाले ग्रामीणों का कहना है कि प्रेमसर से बिट्ठलपुर गांव तक की सड़क वर्षों से बदहाल हालत में है। बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला।



### आय दिन लग रहे जाम, शासन प्रशासन परेशान

इन दिनों सड़क बिजली पानी की समस्या को लेकर आए दिन जाम लगने की सूचनाएं मिल रही हैं। सबसे अधिक समस्या तो बिजली को लेकर आ रही है। किसान बिजली की मांग को लेकर जाम लगा रहे हैं और बिजली कंपनी के अधिकारी उनकी समस्याओं को हल करने में असमर्थता भी जता रहे हैं। हालांकि हाईवे अवरुद्ध करना सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के विपरीत है इस तरह जाम लगाकर अवरोध पैदा कर हाईवे को जाम करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जा सकती है लेकिन राजनीतिक लाभ हानि को देखते हुए शायद शासन के साथ-साथ प्रशासन भी आंदोलन कारियों के साथ सख्ती करने के बजाय करने के बजाय अनुरोध करने की मुद्रा में दिखाई पड़ रहा है।

### बेसबब नहीं ग्रामीणों की नाराजगी

मंगलवार को लगाए गए जाम में भले ही आमजन, यात्रियों, मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी हो लेकिन जिन ग्रामीणों ने यह जाम लगाया था वह रास्ते के कारण रोजाना परेशानी उठाते हैं। दरअसल ग्राम प्रेमसर में चक आसन, हरगोविंदपुर, चक ज्वाड़, रामनगर, विट्ठलपुर के बीच की सड़कें नहीं होने से रास्ते बारिश के कारण दलदल में तब्दील हो गए हैं। छात्र, किसान, महिलाएं सभी परेशान हो रहे हैं। कई जगह तो इतने अधिक गहरे गड्ढे हैं कि लोगों को तो दो फीट पानी (कीचड़) के बीच से गुजर कर जाना पड़ता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी उन बच्चों को आती है जो घर से रोज नहा कर साफ धुली हुई ड्रेस पहनकर स्कूल जाते हैं और कीचड़ से सनकर ही घर लौटते हैं। कई महिलाओं को इन कीचड़ भरे गड्ढों में गिर जाने से शर्मसार होना पड़ा है। मजबूरी में लोग इन टूटी सड़कों से ट्रैक्टर के माध्यम से ही सफर कर रहे हैं। अफसरों की माने तो उक्त सड़कों को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ने के लिए प्रस्ताव बना कर भेजा जा चुका है लेकिन समस्या तो बारिश के समय लोगों को आ ही रही है।

जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जाम लगाए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंची देहात थाना पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का भरसक प्रयास करते हुए उन्हे यात्रियों की परेशानी को देखते हुए जाम खोलने को कहा लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तब तक वे इस तरह के आंदोलन जारी रखेंगे, या फिर कलेक्टर अर्पित वर्मा आकर उन्हें आश्वासन दे वे तभी जाम खोलने को राजी होंगे। बाद में कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे एसडीएम श्योपुर बीएस श्रीवास्तव ने ग्रामीणों से बात की और उन्हें उनकी मांगे पूरी कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान पीएमजीएसवाई के अधिकारियो ने बताया कि उक्त सड़कों का प्रस्ताव बनाकर भेजा जा चुका है। प्रस्ताव स्वीकृत कराने के लिए रिमाइंडर करेंगे। मौके पर मौजूद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट ने इस बात की पुष्टि की कि सड़क के प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इसके बाद ग्रामीण जाम हटाने कों राजी हुए करीब दो घंटे बाद जाम में यात्रियों के साथ कई मरीजों को भी परेशानी हुई।

## रंग लाई सीएम हेल्पलाइन को लेकर चलाए विशेष अभियान की कवायद

# सीएम हेल्पलाइन की रैकिंग में श्योपुर पुलिस को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में श्योपुर पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान की कवायद आखिर रंग ले आई। क्योंकि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की प्रदेश स्तरीय समीक्षा के दौरान श्योपुर पुलिस को प्रदेश में दूसरा स्थान हांसिल हुआ है। 96.37 ग्रेडिंग अंकों के साथ श्योपुर जिला सीएम हेल्पलाइन की जून माह की प्रदेश स्तरीय रैकिंग में दूसरे स्थान पर है। जबकि 0.02 अंकों की मामूली बढ़त के साथ निवाड़ी जिला प्रदेश स्तर पर पहले स्थान पर रहा है।



सीएम हेल्पलाइन के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया ने बताया कि एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में प्रत्येक बुधवार के साथ 8 जुलाई से 20 जुलाई तक सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज हुई पुलिस से जुडी शिकायतों का निराकरण थाना स्तर पर कराए जाने को लेकर प्रयास किए गए। यही नहीं, थाना स्तर पर टीमों का गठन भी किया गया। जब लोगों की शिकायतों पर पुलिस ने गंभीरता दिखाई तो लोगों ने समस्या का समाधान होने पर सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज अपनी अपनी शिकायतों को बंद करवा दिया। जिसके परिणाम स्वरूप श्योपुर जिले को सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का निराकरण करने पर जून माह की प्रदेश स्तरीय रैकिंग में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। इस मामले में एसपी वीरेन्द्र जैन ने सीएम हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर गठित पुलिस टीमों को प्रोत्साहित करते हुए इसी प्रकार लगन और मेहनत से कार्य किए जाने के लिए प्रेरित किया।

## बाल मृत्यु दर रोकने सघन दस्तक अभियान शुरू

# मृत्यु दर को कम करने के लिए योजनाओं के प्रसार की जरूरत: शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मातृ शिशु एवं बाल मृत्यु दर रोकने के लिए सरकार सतत प्रयास कर रही है लेकिन कई बार देखने को मिलता है कि योजनाओं का क्रियान्वयन प्रचार प्रसार के अभाव में अमली जामा नहीं पहन पा रहा है। योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने के लिए जनजागरुकता जरूरी है इसके लिए अफसरों को काम करने की जरूरत है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने मंगलवार को दस्तक अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों व चिकित्सीय स्टाफ और अधिकारियों से कही। इस दौरान उन्होंने बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।



पूरे प्रदेश की तरह श्योपुर में भी दस्तक अभियान का प्रथम चरण मंगलवार से शुरू हो गया। इस अभियान की शुरूआत भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने जिला अस्पताल में बच्चों को दवा पिलाकर की। इस दौरान सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने बताया कि यह अभियान 16 सितंबर तक चलेगा। करीब दो माह तक संचालित होने वाले इस अभियान में बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिनमें निमोनिया व गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान व रेफरल एवं प्रबंधन, डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर द्वारा एनीमिया की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, दस्त रोग की पहचान एवं ओआरएस एवं जिंक के उपयोग के संबंध में जागरूकता, विटामिन ए की खुराक का सेवन जैसी सेवाएं प्रमुख हैं, उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों की जांच की जाएगी। पांच साल तक के बच्चों में निमोनिया, गंभीर कुपोषण, एनीमिया और दस्त रोग की पहचान की जाएगी। डिजिटल हिमोग्लोबीनोमीटर से एनीमिया की स्क्रीनिंग होगी। ओआरएस और जिंक के उपयोग की जानकारी दी जाएगी। विटामिन ए की खुराक भी दी जाएगी। दस्तक अभियान के लिए आवश्यक दवाइयां, जांच उपकरणों, रिपोर्टिंग प्रपत्रों, प्रचार सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है एवं मैदानी कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एएनएम, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा 5 साल तक के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। दस्तक अभियान में सघन दस्त नियंत्रण कार्यक्रम भी संचालित होगा। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा जिंक एवं ओआरएस उपलब्ध कराया जाएगा। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ मुकेश मीणा,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय मंगल, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# तीनों पंचायतों में शांति से डले वोट, सबसे ज्यादा दलारना में 86.70 फीसदी मतदान

## जाखदा में 71.5 और मोरावन में 77.2 प्रतिशत वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले की तीन ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए मंगलवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। श्योपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत दलारनाकलां में सबसे ज्यादा 86.70 फीसदी मतदान हुआ, जबकि कराहल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोरावन में 77.2 एवं जाखदा में 71.5 प्रतिशत वोटिंग हुई। अब मतगणना 26 जुलाई को विकासखंड मुख्यालय पर सम्पन्न कराई जाएगी।

ग्राम पंचायत दलारना कलां में मंगलवार को तीन मतदान केन्द्रों पर वोटिंग हुई। यहां कुल 1452 मतदाताओं में से 1259 मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान में कुल 679 महिला मतदाताओं में से 545 महिला मतदाताओं एवं कुल 782 पुरूष मतदाताओं में से 714 पुरूष मतदाताओं ने वोट डाले। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मोरावन में कुल 1611 मतदाताओं में से 1244



मतदाताओं ने मतदान किया, यहां बनाए गए तीन मतदान केन्द्रों पर कुल 712 महिला मतदाताओ में से 588 महिला मतदाताओं तथा कुल 839 पुरूष मतदाताओं में से 656 पुरूष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि ग्रापं जाखदा में दो मतदान केन्द्रों पर दर्ज कुल 1343 मतदाताओ में से 961 मतदाताओं ने वोट डाले, जिसमें 507 पुरूष मतदाता एवं 454 महिला मतदाता शामिल है। इस पंचायत में महिला मतदाताओं की संख्या 661 एवं पुरूष मतदाताओं की संख्या 682 है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन संजय जैन ने बताया कि शांतिपूर्ण निर्वाचन के उपरांत ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाया गया है तथा स्ट्रांग रूम के आरओ की उपस्थिति में सील्ड किया गया है। मतो की गिनती का कार्य 26 जुलाई को प्रातः आठ बजे से विकासखण्ड मुख्यालय पर होगा।

### जनसुनवाई: संबल प्रकरण अपील में लेकर स्वीकृत करने के निर्देश

**श्योपुर।** कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने जनसुनवाई करते हुए 150 लोगों की समस्याएं सुनी। जिपं सीईओ ने निर्देश दिए कि तकनीकी त्रुटि के चलते पोर्टल से अपात्र हुए संबल के प्रकरण को पुनः अपील में लेकर स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाए। ग्राम हसनपुर हवेली निवासी रईस द्वारा अपनी पत्नि की बीमारी के चलते मृत्यु हो जाने से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था, आवेदन के परीक्षण उपरांत पाया गया कि तकनीकी कारणों के चलते पोर्टल से उक्त प्रकरण अपात्र हो गया, जिस पर प्रकरण को पुनः एसडीएम के यहां अपील में लेकर स्वीकृत कर लाभ देने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान 60 वर्षीय बुजुर्ग बिहारी जाटव निवासी पाण्डोला को मौके पर ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ दिया गया। जिपं सीईओ अतेन्द्र सिंह ने जनसुनवाई के दौरान बगैर माता-पिता के दो बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना का लाभ देने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिये गये।

# अपने विकास के लिए होना चाहिए टेक्नोलॉजी का उपयोग: डॉ मित्तल




**श्योपुर।** उच्च शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के तहत उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तारतम्य में मंगलवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के सेमिनार हॉल में मानसिक स्वास्थ्य पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। डॉ. गायत्री मित्तल ने परिचर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण सूत्र विद्यार्थियों को बताया कि जिनके द्वारा वो आज की दौड़ भाग वाली व्यस्ततम एवं नित उच्च प्रतिस्पर्द्धा वाली जिंदगी में अपने आपको मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि टेक्नोलॉजी का उपयोग अपने विकास के लिए किया जाना चाहिए ना कि परेशानियां पैदा करने के लिए क्योंकि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए अत्याधिक मात्रा में कर रहे हैं जिससे उनमें मानसिक अवसाद तथा दैनिक क्रियाओं में सामंजस्य बिठाने में तकलीफें पैदा हो रही हैं जोकि कदापि सही नहीं हैं। डॉ. मित्तल ने बच्चों को जल्दी सोने तथा जल्दी उठने की सलाह दी तथा साथ ही उन्होंने नित व्यायाम योग क्रियाओं, पुस्तकों के अध्ययन, पौष्टिक भोजन करने के साथ साथ अगर किसी भी तरह के मानसिक तनाव में विद्यार्थी अपने आप को पाते हैं तो उचित सलाह देने तथा अपने परिजनों मित्रों गुरुओं से लगातार संवाद करने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मित्तल ने तनाव मुक्ति हेतु कुछ यौगिक क्रियाओं का अभ्यास भी विद्यार्थियों को कराया। कार्यक्रम का आभार नोडल अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया खेल अधिकारी पीएम एक्सीलेंस कॉलेज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा, आदर्श कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसडी राठौर व मनोचिकित्सक डॉ गायत्री मित्तल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर विप्लव शर्मा व स्नेहलता गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को स्कूल में कराया आयरन टेबलेट का सेवन

**श्योपुर।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को आयरन टेबलेट एवं आयरन सिरप का सेवन कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज बीईओ कराहल प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षको के सहयोग से कराहल स्थित मदर प्राइड स्कूल में बच्चों को आयरन टेबलेट का सेवन कराया गया। इस अवसर पर बीईओ श्रीवास्तव ने कहा कि एनीमिया केवल खून की कमी नहीं, बल्कि बच्चों की ऊर्जा, सीखने की क्षमता और जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली एक बड़ी चुनौती है, जिसे हम जागरूकता, पोषण एवं नियमित आयरन सेवन के जरिए दूर कर सकते हैं। इस दौरान बच्चों को आयरन गोली के साथ-साथ संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।



# सुबह 8 बजे तक नहीं उठता बाजारों में पड़ा कचरा, परेशानी में स्थानीय लोग

## डोर टू डोर कचरा कलेक्शन योजना के बाद भी शहर में बने हुए हैं 43 कचरा प्वाइंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में श्योपुर नगर क्यों पिछड़ा इसका कारण जानने के लिए शहर में अल सुबह घूम कर देखने की जरूरत है। शहर के बाजारों में जगह जगह कचरे के ढेर पड़े दिखाई पड़ जाएंगे जिनसे फैलने वाली बदबू न सिर्फ वातावरण को दूषित करती है बल्कि मॉर्निंग वॉक को जाने वालों को स्वस्थ रखने के बजाए बीमार बना रही है। आश्चर्य की बात यह है कि शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की सुविधा मौजूद है इसके बावजूद शहर के 43 स्थान कचरा प्वाइंट के लिए चिन्हित कर वहां कचरा डाला जा रहा है। इनमें से ही एक प्वाइंट सुबात चौराहा पर बनाया गया है जहां के दुकानदार हमेशा कचरा देरी से उठाने का आरोप लगाते रहते हैं।



वैसे तो हर वार्ड मोहल्ले में घरों से निकला कचरा एकत्रित कर लाने के लिए टीपर वाहन लगाए गए हैं जो घरों तक पहुंच कर कचरे को एकत्रित कर टचिंग ग्राउंड में भेजते हैं। इसके अलावा सड़कों पर फैले हुए कचरे को एक स्थान पर एकत्रित कर बाद में उसे उठाकर ले जाने के लिए नगर पालिका परिषद ने चार ट्रैक्टर ट्राली लगाए हैं। शहर में 46 स्थानों को कचरा प्वाइंटों के रूप चिन्हित किया हुआ है जहां कचरा एकत्रित किया जाता है फिर वहां से ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से कचरा उठा कर ले जाते हैं। हालांकि कचरा सुबह पो फटने से पहले उठाने का नियम है लेकिन कई बार कचरा सुबह 8:00 बजे तक पड़ा रहने से लोगों को परेशानी होती है सोमवार को भी सुबात चौराहा पर कचरा सुबह करीब 8 बजे तक नहीं उठा था जिससे लोग बदबू के कारण परेशान रहे। दुकानदारों ने अपनी दुकान देरी से खोली इस संबंध में नगर पालिका के स्वास्थ्य ऑफिसर सत्यभानु जाटव का कहना है कि कचरा तो अल सुबह ही उठ जाता है लेकिन कभी-कभी वाहन खराब होने की वजह से देरी हो जाती है।

## अगले सप्ताह से अस्पताल भवन का काम शुरू होने की उम्मीद

# इकलौद रोड पर बनेगा विजयपुर का नया सिविल अस्पताल भवन, बढ़ेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर

विजयपुर के नए सिविल अस्पताल भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित हो गई है। इकलौद रोड पर चिन्हित की गई जमीन पर सिविल अस्पताल भवन का निर्माण किए जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी हरी झंडी दे दी है। जिसके बाद पीआईयू ने अस्पताल भवन निर्माण शुरू किए जाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विभागीय अधिकारी उम्मीद जता रहे है कि अगले सप्ताह से अस्पताल भवन निर्माण का काम धरातल पर शुरू हो जाएगा। नया सिविल अस्पताल भवन बनने के बाद विजयपुर में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ जाएगी।

दरअसल शासन ने विजयपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन कर दिया है और करीब दो साल पहले विजयपुर के नए सिविल अस्पताल के लिए करीब 24 करोड रूपए की राशि भी मंजूर कर दी गई। लेकिन अभी तक नए अस्पताल भवन का निर्माण जगह चिन्हित न होने के कारण शुरू नहीं हो पाया था। पहले नया अस्पताल भवन पुराने अस्पताल भवन को तोडकर उसकी जगह पर बनाए जाने की कवायद चल रही थी। क्योंकि स्थानीय लोग दूरी का हवाला देते हुए पुराने अस्पताल भवन को तोडकर उसकी जगह नया अस्पताल भवन बनाने की वकालात कर रहे थे, लेकिन यह जगह नए अस्पताल भवन के लिए कम पड रही थी। इसके बाद सिद्धबाबा की पहाडी के पास भी जगह देखी गई थी,मगर स्थानीय नागरिकों के विरोध और दूरी के चलते उक्त जगह को अमान्य कर दिया गया है। अब इकलौद रोड पर अस्पताल भवन निर्माण के लिए नई जगह चिन्हित की गई है। जहां अस्पताल भवन का निर्माण शुरू किए जाने की कार्रवाई पीआईयू विभाग के द्वारा आरंभ कर दी गई है।




### अगले सप्ताह से निर्माण प्रारंभ होने की उम्मीद

विजयपुर के नए सिविल अस्पताल भवन का निर्माण पीआईयू विभाग करेगा। भूमि चिन्हित होने के बाद पीआईयू विभाग के द्वारा अस्पताल भवन का निर्माण शुरू किए जाने की कवायद शुरू कर दी है। बताया गया है कि पीआईयू के द्वारा अस्पताल का डिजाइन तैयार करते हुए उसे स्वीकृति के लिए शासन के लिए भेज दिया है। इस मामले में शासन की स्वीकृति अगले सप्ताह मिलने की उम्मीद है। पीआईयू के कार्यपालन यंत्री अनिल पटेल ने बताया कि शासन स्तर से स्वीकृति संभवत अगले सप्ताह आने की उम्मीद है। जैसे ही स्वीकृति मिलेगी,वैसे ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

### 100 बिस्तर का होगा सिविल अस्पताल भवन

विजयपुर का नया सिविल अस्पताल भवन इकलौद रोड पर बनेगा, जो कि 100 बिस्तर का होगा। जिसमें कई तरह की सुविधाएं भी रहेगी। अभी वर्तमान में विजयपुर का अस्पताल जिस भवन में चल रहा है,वह 30 विस्तरीय ही अस्पताल भवन है। जिसकारण मरीजों के यहां भर्ती किए जाने में खासी असुविधाएं अस्पताल प्रबंधन को उठानी पड रही है। लेकिन नए अस्पताल भवन में 100 मरीजों को एक साथ भर्ती रखा जा सकता है। वहीं स्वास्थ्य सुविधाएं भी पहले से बेहतर हो जाएगी। जिससे विजयपुर नगर सहित क्षेत्र के लोगो को रैफर किए जाने की जरूरत कम पडेगी। क्यांकि भवन बनने के बाद विजयपुर के सिविल अस्पताल में चिकित्सीय स्टाफ भी सिविल अस्पताल के मान से पद रहेगा। इसलिए अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को इलाज भी पहले से बेहतर मिलना तय है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से 4 लोग हुए घायल

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत कानीखेडी निवासी धर्मेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 04 जेड 2851 के चालक ने गीलारोपा बस स्टेण्ड के समीप फरियादी और उसकी पत्नी अनसूइया पुत्र कान्हा यादव और भाई राजीव यादव को अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं।

### अज्ञात आरोपी ने 4 मोबाइल चुराए

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत उमरिया जिले के ग्राम खलौनथान निवासी बाबूलाल कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजाभाई दांगी के खेत में बने मकान में से कोई अज्ञात चोर फरियादी व उसके साथियों के 4 मोबाइल चोरी कर ले गया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम भौंरा निवासी प्रवीण पुत्र शिवराज सिंह यादव उम्र 38 साल को खेत में काम करते समय करंट लग गया। इस घटना में युवक को परिजन अस्पताल ले गये जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में विभिन्न थानों की पुलिस ने अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए हैं। जिले की बहादुरपुर थाने की पुलिस ने गीलारोपा निवासी राजकुमार कटारिया के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की कदवाया थाने की पुलिस ने ग्राम पिपरिया निवासी प्राण सिंह आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत संत ड्रीम कॉलोनी अशोकनगर निवासी संतगुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नमन और अमन अजमेरा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी राजकुमार राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शीलकुमार और साहिल सेन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नंदनाई निवासी शिवजीत यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीरज, अमरसिंह, सतेन्द्र और रामकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की महंगाई राहत व एरियर भुगतान की मांग

# प्रदेश सरकार 16 साल से नजरअंदाज कर रही पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा पेंशनरों की चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष महेश भार्गव महाकाल की अगुआई में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि प्रदेश सरकार पिछले 16 साल से पेंशनरों की मांगों को नजर अंदाज कर आर्थिक और मानसिक क्षति पहुंचा रही है। ज्ञापन में महंगाई राहत व डीए के एरियर भुगतान सहित चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की गई। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र भार्गव अमोला के निर्देशन में सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक सीबी पांडे, पूर्व फॉरेस्ट ऑफि सर महेश शर्मा, श्याम बिहारी सरल, अनिल व्याग्र, जयप्रकाश शर्मा, अनिल दुबे, भानु प्रकाश त्रिपाठी व उमाचरण भार्गव सहित पेंशनर्स मौजूद थे।



### 32 माह एवं 27 माह का एरियर नहीं दे रही सरकार

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश महाकाल द्वारा राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पेंशनरों को केंद्र सरकार की तरह राहत राशि का भुगतान किया जाए। इसके अलावा ज्ञापन में जुलाई 2024 से 3 फीसदी राहत राशि के एरियर तथा जनवरी 2025 से 2 फ ीसदी राहत राशि के भुगतान की मांग सहित यह मांग प्रमुखता से रखी गई की पेंशनरों के संगठनों द्वारा बार.बार मांग किए जाने के बाद भी अभी तक महंगाई राहत का नियमित भुगतान व 32 माह और 27 माह के एरियर का निराकरण किया जाए।

## भविष्य में किसी प्रकार की लाभकारी योजनाओं से वंचित न रहे आमजन, शीघ्र ही कराएं समग्र ई केवाईसीः शिवहरे

**कोलारस।** मंगलवार को पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने नगर परिषद कोलारस में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर आमजनों की समस्यायों को गंभीरता से सुना। रविंद्र शिवहरे ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपनी समग्र ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिसमें भविष्य में किसी लाभकारी योजना से आमजन वंचित न रहे। इसके लिए नगर परिषद कोलारस कार्यालय में कैंप लगाकर लोगों की समग्र ई-केवाईसी करवाई जा रही है। सभी नागरिक समग्र ई.केवाईसी अवश्य करवायें। इस दौरान जन समस्या निवारण शिविर में लोग विभिन्न प्रकार की शिकायते जैसे पेंशनए राशन पर्ची, आवास की किश्त आदि शिकायत लेकर पहुंचे। पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने तत्काल शिकायतों के निराकरण के आदेश अधिकारी व कर्मचारियों को दिए।





### जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर 25 तलवार, 5 फरसों के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

**बीना।** रेलवे स्टेशन से जीआरपी ने एक व्यक्ति को 25 तलवार, 5 फरसे एवं 8 पच के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर धारा 25/1 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया व्यक्ति अमृतसर से सागर जा रहा था, जो सागर जाने के बीना स्टेशन पर उतरा था। जीआरपी थाना अनुसार मंगलवार को जीआरपी प्रधान आरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर एवं आरक्षक अविनाश प्रजापति स्थानीय रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान गश्त कर रहे थे।



गस्त के दौरान स्टाफ को मुखबिर से मिली सूचना पर एक बड़ा काला बैग लेकर जा रहे सरदार को चेक किया। बैग चेक करने पर बैग के अंदर से 25 तलवार एवं 5 फरसे एवं 8 पच मिले। जिसके पास से कोई बिल नहीं एवं लाइसेंस नहीं मिलने से थाना जीआरपी ने वैधानिक करवाई करते हुए धारा 25/1 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

**अमृतसर से सागर जा रहा था आरोपीः** जीआरपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम इंद्रपाल सिंह पिता जयमल सिंह 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 17 गुरु गोविंद सिंह वार्ड सागर निवासी होना बताया। जीआरपी ने बताया कि आरोपी श्री गंगानगर एक्सप्रेस से अमृतसर से बीना आया था, जो सागर जाने के लिए स्थानीय रेलवे स्टेशन पर उतरा था।

### सहायक संचालक मनोज निगम होंगे जिले के नए डीईओ, आज संभालेंगे पदभार

**शिवपुरी।** लोक शिक्षण आयुक्त भोपाल द्वारा सहायक संचालक मनोज निगम को शिवपुरी जिले का नया जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। जून माह में तत्कालीन डीईओ समर सिंह राठौड के गुना स्थानांतरित हो जाने से रिक्त हुए जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा उत्कृष्ट प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव को प्रभार सोपा गया था लेकिन अब एक माह बाद प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने मौजूदा शिवपुरी बीईओ मनोज निगम दद्दा को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपा है। निगम बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर पदभार ग्रहण करेंगे। फिजिकल कॉलेज प्राचार्यएबीईओ व बीआरसीसी जैसे पदों पर रह चुके मनोज निगम के डीईओ बनने पर राजपत्रित संघ के जिलाध्यक्ष डॉ कौशल गौतम, मात्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वत्सराज सिंह राठौड़, राजेंद्र पिपलौदा, स्नेहा सिंह रघुवंशी पवन अवस्थी, राजकुमार सरैया, तारिक सिद्दीकी, रामकृष्ण रघुवंशी, बृजेंद्र भार्गव कुल्लू, विपिन पचौरी व अरविंद सरिया आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए नवागत जिला शिक्षा अधिकारी की पदस्थापना का स्वागत किया है।



## भीम आर्मी का 10वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

कोलारस नगरीय क्षेत्र के जेल रोड स्थित रेशम केंद्र पर सोमवार को भीम आर्मी के स्थापना दिवस के अवसर पर भीम आर्मी के आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मौका था भीम आर्मी के 10वे स्थापना दिवस के उत्सव का। इस आयोजन में भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष वीरू जाटव अपने ढेरों समर्थकों के साथ रेशम केंद्र पहुंचे।

सभी कार्यकर्ताओं को भीम आर्मी की स्थापना का उद्देश्य विस्तार से बीरू जाटव ने सभी कार्यकर्ताओं को समझाया। इस अवसर पर केक भी काटा गया। लगातार हो रहे आयोजनों के कारण अब कोलारस में भीम आर्मी मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। जिला उपाध्यक्ष बीरू जाटव के साथ साथ इस अवसर पर एससीध्एसटी और ओबीसी महासभा के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर दिनेश सागर, गजेंद्र जाटव, अरविंद कुशवाह, मोहन धाकड़, इंद्र जाटव, सुमित जाटव, छोटे शाह, मुबीन शाह, पवन जाटव, शिवराज जाटव, गिर्राज जाटव, सीताराम जाटव, रेहाना बाई शाह, शिवराज जाटव, भगवान सिंह कोली आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### गायत्री शक्तिपीठ पर आज से पांच दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा आरंभ

**बीना।** पांच दिवसीय जिला स्तरीय श्रद्धा कौशल संवर्धन कार्यकर्ता आवासीय प्रशिक्षण शिविर गायत्री शक्तिपीठ में 23 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित होगा। यह आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में वर्ष 2026 में परम वंदनीय माता जी भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में विश्व स्तरीय कार्यक्रम हरिद्वार में आगामी वर्ष 2026 में हरिद्वार में आयोजित होगा। सहभागिता हेतु समर्पित एवं ऊर्जावान परिजनों कार्यकर्ताओं का पांच दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सुबह के 4 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक विभिन्न प्रशिक्षण का क्रम रहेगा। इसमें गायत्री जप का महत्व, यज्ञ आदि प्रशिक्षण का महत्व आवश्यकता व कर्मकांड की बारीकियां सिखाई जाएंगी। व्यास पीठ की मर्यादा। मंत्रों की शुद्धि, यज्ञ पद्धति, नाद योग साधना, प्रवचन कैसे करें। प्रवचन की बारीकियां।16 संस्कारों के मंत्रों की शुद्धि संस्कार क्या है, इनकी क्या उपयोगिता है, क्या आवश्यकता है एवं विभिन्न संस्कारों की विवेचना भी प्रस्तुत की जाएगी। अंतिम दिन प्रशिक्षण का मूल्यांकन किया जाएगा। शंकाओं का समाधान किया जाएगा एवं प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम रखा गया है। पांच दिवसीय कार्यक्रम के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से तीन आचार्य का आगमन गायत्री शक्तिपीठ बीना में हुआ है। जिसमें प्रमुख आचार्य अभिलाषी रमेश ने बताया की यज्ञ आदि कर्मकांडों के द्वारा देव आवाहन मंत्र प्रयोग संकल्प एवं सद्भावनाओं की सामूहिक शक्ति से एक ऐसी भट्टी जैसी ऊर्जा पैदा की जाती है। जिससे मनुष्य की अंतः प्रवृत्तियां तक को गला कर इच्छित स्वरूप में ढालने की स्थिति में लाया जा सकता है। क्योंकि भारतीय संस्कृति का उद्गम ज्ञान गंगोत्री गायत्री ही है। भारतीय धर्म का पिता यज्ञ को माना जाता है एवं गायत्री को सद्विचार और यज्ञ को सत्कर्म का प्रतीक मानते हैं। इन दोनों का सम्मिलित स्वरूप सद्भावना एवं सत प्रवृत्तियों को बढ़ाते हुए विश्व शांति एवं मानव कल्याण का माध्यम बनता है और प्राणी मात्र के कल्याण की संभावनाएं बढ़ती है।

## एबीवीपी का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित, नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित




**शिवपुरी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शहर के नक्षत्र रिसॉर्ट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की नवीन कार्यकारिणी घोषित हुई। इसमें एसपी अमन सिंह राठौड़ व एबीवीपी विभाग प्रमुख मुकेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एसपी राठौड़ ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को महत्व दें। चरित्रवान बने क्योंकि व्यक्ति के अच्छे चरित्र से ही एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। वहीं मुकेश मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुखर रही है। हमनें छात्र हित के साथ समाज हित में कार्य किए हैं। जिसकी लंबी फेहरिस्त है। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधि में टॉप करने वाली अनुप्रिया राठौर, 12 वी में टॉप करने वाले दिल्केश धाकड़ए,10वीं में टॉप करने वाली पुष्पा यादव, हॉकी खेल में प्रतिभावान बॉबी कदम व काव्या राठौड़, जुड़ो खेल में प्रतिभावान रिंकू गुर्जर व अनामिका धाकड़ मेडिकल की छात्रा अंकिता समेत एक सैकड़ों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## भारतीय बौद्ध महासभा ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अशोकनगर।** भारतीय बौद्ध महासभा(दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला शाखा अशोकनगर) द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक नंबर लाने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र छात्राओं को सम्मानित करने हेतु पूर्व घोषित प्रोग्राम के तहत रविवार को जीत अकादमी स्कूल विदिशा बायपास रोड अशोकनगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सी एल बौद्ध ट्रस्टी एवं प्रदेश अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि अशोक असैया केन्द्रीय संगठक प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट सिद्धार्थ गौतम प्रदेश सचिव प्रकाशचंद्र बौद्ध प्रदेश सदस्य जगनलाल बौद्ध एवं जिला कार्यकारिणी से जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार नागर, उपाध्यक्ष चरनसिंह खन्ना, हरिशंकर मखेनिया एवं समस्त पदाधिकारी उपासक उपासिकाओं तथा छात्र छात्राओं के बीच बुद्ध वंदना त्रिशरण पंचशील का वाचन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मोमबत्ती जलाकर तथागत गौतमबुद्ध बुद्ध परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पण माल्यार्पण किया गया। मीटिंग में उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान गमछा डालकर और बैज लगाकर किया गया। जिसके पश्चात कार्यक्रम को आगे बढाते हुए उपस्थित बुद्धिजीवी शिक्षक साथियों ने अपने उद्बोधन और छात्रों का होंसला बढ़ाने के लिए मार्ग दर्शन हेतु विचार रखे जिनमें रमेश कुमार गौतम ने अपने उद्बोधन में महापुरुषों के संघर्ष से प्रेरणा दी, ईसागढ़ से पधारे प्रोफेसर जवाहर टैगोर ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निःशुल्क कोचिंग पढ़ाने के स्वयं समय देकर सहयोग की बात रखी। मुन्ना लाल अहिरवार चंदेरी ने हौंसले अच्छे अध्ययन की बात पर जोर दिया और किसी जरूरतमंद की मदद की तो वह शासकीय सेवा में पहुंच जाने के बाद उसने उनका आभार व्यक्त करना बताया।

मोहन जाटव शिक्षक ने भी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही कवि परमलाल परम शिक्षक चंदेरी ने अपने लोकगीत उठ जाओ चन्नी बंटी, स्कूल की बज गई घंटी..की प्रस्तुति से प्रेरणा दी राजकुमार बरया, गोबिंद सिंह जाटव शिक्षक ने भी संबोधित किया । बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शामिल छात्र छात्राओं में कक्षा 10वीं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः रोहित अहिरवार 93.6 प्रतिशत,आर्यन्त अहिरवार 93.2 प्रतिशत एवं बैलेंद्र मौर्य 92.8 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में गुड़िया अहिरवार 92.2 प्रतिशत,कृतिवेश दिवाकर 90.8 प्रतिशत एवं आशीष अहिरवार 90.4 प्रतिशत को शील्ड एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान पत्र गमछा और बैज लगाकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार अशोकनगर जिले की समस्त तहसील ग्रामीण नवोदय विद्यालय आदि से कुल 65 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। शेष सभी को सम्मान पत्र गमछा और बैज लगाकर सम्मानित किया।



अध्यक्षीय भाषण में जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार नागर ने महापुरुषों के संघर्ष से मिली प्रगति के लिए सभी महापुरुषों के जीवन संघर्षों को पढ़ने और प्रेरणा लेने की बात पर जोर देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों की प्रगति के लिए हमें भी यह संकल्प लेना होगा कि प्रतिभाशाली छात्रों को हर संभव मदद कर यूपीएससी का लक्ष्य प्रतिवर्ष एक या अधिक का लक्ष्य की सोच लेकर कार्य करना होगा। बुद्ध के मार्ग पर चलते हुए शील संस्कार वान परस्पर सहयोगी रहते हुए आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ सभी सहयोगी जनों और संस्था की संचालिका प्राचार्य कल्पना मंडेलिया का पुष्प गुच्छ और गमछा भेंट कर हृदयी आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### कांवड़ यात्री जल लेकर पहुंचे, भक्ति और आनंद के साथ दूसरा सोमवार मनाया

# श्रद्धालुओं ने शिवालयों में किया भोलेनाथ का अभिषेक







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सावन के महीने के दूसरे सोमवार को शहर भर के शिव मंदिरों में पूरे दिन चहल-पहल रहीं सुबह से देर रात तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। सुबह की अवधि में मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए और भोलेनाथ की भक्ति की गई। श्रद्धालुओं ने अपने शिवजी को तरह-तरह की सामग्री से अभिषेक किया और बाद में शिवजी की आराधना की।

अशोकनगर शहर में शिवजी के मंदिर आस्था और उपासना के केन्द्र रहे। भोले नाथ के भक्तों ने भोले बाबा की भक्ति की किसी ने शिव चालीसा का पाठ किया तो किसी को भजनों के माध्यम से भोले की भक्ति करते हुए देखा गया। शहर भर के शिव मंदिरों में परिवार जन एक साथ पहुंचे और भोले नाथ की पूजा-अर्चना की। शहर के इन शिव मंदिरों में हजारेश्वर मंदिर, चैधरी मोहल्ला स्थित पंचमुखी शिवमंदिर के साथ तारवाले बालाजी,सराफा बाजार हनुमान मंदिर, ब्रम्हगौड शिव मंदिर, शिव टोरिया और त्रिदेव मंदिर के साथ सभी मंदिरों में अभिषेक के आयोजन हुए। शहर के राजराजेश्वर मंदिर पर भोलेनाथ के भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ उनका स्मरण किया। शहर से अनेक शिव भक्त उज्जैन में महाकालेश्वर, और ओमकारेश्वर में भोलेनाथ के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान शहर में कावंड यात्री भी जल लेकर शिव मंदिर पर नजर आए।

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में सोमवार को श्रद्धालुओं ने भगवान शिव शंकर पर 101 लीटर जल से अभिषेक किया यह जल कावड़ यात्री लेकर यहां पहुंचे थे। पंडित मिश्र के सानिध्य में पूजन कर जलाभिषेक किया गया। ज्योतिष के अनुसार उन्होंने बताया कि सावन के महीना में ऐसा योग कभी नहीं बना जो की इसमें पंच महायोग बने हुए थे। पहला सर्व सिद्धि योग, दूसरा अमृत सिद्धि योग, तीसरा वृद्धि योग, चैथा हरिहर योग, पांचवा बरियांन योग, डीजे की धुन पर नाचते हुए जलाभिषेक किया गया।

## पीलीघटा से कुंडलपुर धाम पहुंची कांवड़ यात्रा

**शाढ़ौरा।** श्रावण मास के दूसरे सोमवार को पीलीघटा से कुंडलपुर धाम तक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। सैकड़ों शिव भक्तों ने सिंध नदी से पवित्र जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक और महाआरती की। यात्रा के दौरान नगर के प्रमुख मागों पर भक्तों का भव्य स्वागत किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी शिव भक्तों ने पीलीघटा से कुंडलपुर धाम तक कांवड़ यात्रा निकाली। यात्रा सुबह 6 बजे अमोढ़ा रोड से ट्रैक्टर द्वारा पीलीघटा के लिए रवाना हुई, जहां भक्तों ने सिंध नदी से पवित्र जल भरा। सुबह 8 बजे पूजन-अर्चन के बाद यात्रा कुंडलपुर धाम की ओर प्रस्थान की। यात्रा नई सराय रोड स्थित शिव मंदिर से शुरू होकर खड़िया मोहल्ला, कुंड मोहल्ला, सदर बाजार, कृष्णा चैराहा और विमल मेडिकल मेन रोड होते हुए सुबह 10.30 बजे कुंडलपुर धाम पहुंची। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा और फलों के साथ शिव भक्तों का स्वागत किया। सैकड़ों कांवड़िए कंधों पर कांवड़ और महिलाएं मंगल कलश लेकर मंगल गीत गाते हुए यात्रा में शामिल रहीं। कुंडलपुर धाम पहुंचने पर भक्तों ने भगवान शिव का भव्य जलाभिषेक और महाआरती की।

